श्याम के दर पे जब से हम जाने लगे

जग ने रुलाया जग ने हराया,
हर के जग से दर तेरे आया,
दर तेरे आया दिल से रिझाया,
सांवरिया ने गले से लगाया,
वो जो सोचा न था मैंने जीवन में,
पा लिया वो तुमसे देखते देखते,
श्याम के दर पे जब से हम जाने लगे,
क्या से क्या हो गये देखते देखते,
वो जो किस्मत में ना थी खुशिया कभी पाई है सारी वो देख ते देखते,
श्याम के दर पे जब से हम जाने लगे,

आया जब जब कोई संकट बड़ा,
पाया मैंने न कोई अपना खड़ा,
टूट टूट के मैं जब गिरता गया,
श्याम दर पे तुम्हरे आके पड़ा,
सिर पे मेरे जो तूने हाथ रखा,
खड़ा मैं हो गया देखते देखते,
है जो हाथ तेरा अब सिर पे मेरे,
मुझको जीवन मिला देखते देखते,
श्याम के दर पे जब से हम जाने लगे,

तेरी किरपा से मेहका जीवन मेरा,
सांसे साँस मिली ती नाम तेरा,
कैसे बोले गोपाल मिला कितना उसे भूल न पायेगा एहसान तेरा,
आंसू आँखों में आये ज़माना हुआ मेहका जीवन मेरा देख ते देखते,
जब भी सांस हो मेरी श्याम आखरी,
निकले सूरत तेरी देख ते देखते,
वो जो सोचा न था मैंने जीवन में,
पा लिया वो तुमसे देखते देखते,
श्याम के दर पे जब से हम जाने लगे

https://visualasterisk.com/bhajan/lyrics/id/7590/title/shyam-ke-dar-pe-jab-se-hum-jane-lage

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |